प्रेस नोट दिनांक 17.04.2025 जनपद फतेहपुर

थाना बिंदकी पुलिस द्वारा वाहनो में प्रयुक्त होने वाले यूरिया का अवैध प्लांट लगाकर निष्कर्षण किये जाने में संलिप्त गिरोह का पर्दाफाश कर 03 अभियुक्तो को प्लांट की मशीन/उपकरण एवं यूरिया सप्लाई करने में प्रयुक्त वाहन पिकप सहित किया गया गिरफ्तार।

संक्षिप्त विवरणः - श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 16.04.2025 को थाना बिंदकी पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति / वाहनों की चेकिंग के दौरान वाहनो में प्रयुक्त होने वाली यूरिया का अवैध प्लांट लगाकर निष्कर्षण में संलिप्त गिरोह का पर्दापाश कर संलिप्त गिरोह के 03 अभियुक्तो कों भारी मात्रा में मशीन व उपकरण सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 158/25 धारा 318 (4)/336 (3)/3 (6) बीएनएस व धारा 15(1) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के क्रम में अभियुक्तगण सुनील कुमार, सुमित सिंह एंव सुधीर उर्फ कमल सोनी को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

1. सुनील कुमार पुत्र राम रतन उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम गोविन्दपुर पोस्ट मदोनीपुर थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर।
2. सुमित सिंह पुत्र स्व0 आनन्द प्रकाश उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम काकराबाद थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर।
3. सुधीर सोनी उर्फ कमल सोनी पुत्र स्व0 रमेश सोनी उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम बडौरी थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर।

बरामदगी का विवरण-

1. तरल पदार्थ यूरिया से भरी 1000 ली० प्लास्टिक की 02 अदद टंकी।
2. 1000 ली0 की 07 अदद खाली प्लास्टिक की टंकी।
3. तरल पदार्थ (जिसमें यूरिया तैयार करने के सभी कैमिकल मिले हुए है) से भरी प्लास्टिक की 1000 ली0 की 02 अदद टंकी।
4. एक अदद विद्युत मोटर जिंदल कम्पनी की।
5. एक अदद विद्युत मोटर ओर्रिएट कम्पनी की।
6. एक अदद अल्ट्रा फिल्ट्रेशन मशीन।
7. एक अदद आरओ मशीन।
8. दो अदद आरओ सिलेंडर रंग नीला।
9. एक अदद पिपिया आरओ कैमिकल की।
10. दो अदद अल्ट्रा फिल्ट्रेशन बारंग सफेद जिसका कैप काला है।
11. पांच अदद लिक्विड फिल्टर बारंग सफेद।
12. 06 अदद फिल्टर बारंग नीला काला कैप।
13. एक अदद यूरिया परीक्षण हेतु डिजिटल रेफ्रैक्टोमीटर
14. एक अदद जनरेटर ओल्ड अतुल शक्ति कम्पनी 7.5 किलो वाट।
15. एक अदद बैटरा लिव फास्ट कम्पनी।
16. एक अदद इंन्वर्टर ल्यूमिनश व एक अदद इंन्वर्टर माइक्रोटेक कम्पनी।
17. 29 खाली बोरी यूरिया की जिस पर प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना भारत यूरिया अंकित है।
18. एक अदद पिकअप नं0 UP71AT9914

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 राजबहादुर यादव, थाना बिंदकी जनपद फतेहपुर
2. का0 संजीव

3. का0 गौतम
4. का0 रविन्द्र यादव
5. का0 श्यामसुंदर